

प्रकाशक/स्वामी
रजनी पुत्री-महेश धावनिया

डाक पंजियन संख्या : JaipurCity/423/2017-19

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

# श्री बाबा




प्रधान कार्यालय-सी-57, महेश नगर, जयपुर-15, मो.-9928260244 हिन्दी मासिक समाचार पत्र 7073909291 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com

वर्ष : 10 अंक : 8 आर.एन.आई. नं. : RAJHIN/2008/24962 जयपुर, 5 अक्टूबर, 2017 मूल्य : 5 रुपए प्रति पृष्ठ : 4


### डॉ.बी.आर. अंबेडकर जयंती समारोह समिति ने दिए पुरस्कार

## शिक्षकों को अंबेडकर गुरुजन गौरव अवार्ड



**जयपुर।** डॉ.बी.आर. अंबेडकर जयंती समारोह समिति की ओर से अंबेडकर सर्किल के पास अंबेडकर कथा एवं गुरुजन गौरव सम्मान समारोह मनाया गया।

समिति अध्यक्ष एल.सी. असवाल ने अनुसूचित जाति एवं सर्व समाज के 34 शिक्षकों को डॉ. अंबेडकर गुरुजन गौरव सम्मान स्वरूप अंबेडकर की रजत श्रीफल ट्रॉफी, सम्मान पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इन सभी शिक्षकों ने समिति के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्रतिभावान बालिकाओं को शिक्षा के लिए गोद लिया था। कार्यक्रम में दौसा की कमला मीणा के नेतृत्व में लोगों ने असवाल को सिक्कों से तौला। ये सिक्के असवाल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए जगदीश पोटर के सुपुर्द किए। अनुसूचित जाति की एकता को प्रदर्शित करते इस कार्यक्रम में नागपुर के संविधान विशेषज्ञ/ कथाकार अनिरुद्ध शैवाले की 15 सदस्यीय टीम ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन दर्शन की कथा का लयबद्ध, संगीतमय, मनमोहक मंचन किया। असवाल ने बाबा साहेब के दलितों के लिए किए गए संघर्ष और संदेशों पर प्रकाश डाला, साथ ही उनके सिद्धांतों पर चलने का आह्वान भी किया। समारोह में समिति के महासचिव फूलचंद बिलोनिया, उपाध्यक्ष बाबूलाल राणा, रणजीत जाटव, शंकर लाल बैरवा जिलाध्यक्ष सूरजमल बुनकर, सुरेश आलोरिया, सिकराय से सीताराम जागीदार, विश्राम गुर्जर, जगदीश पोटर, राजेन्द्र दायमा, राजेश चावला सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। ( शेष पृष्ठ 2 पर )

## 7 अक्टूबर से जयपुर के साथ 11 जिलों में चलेगा टीकाकरण अभियान

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 7 अक्टूबर से जयपुर समेत 11 जिलों में मिशन इंद्रधनुष अभियान चलाया जाएगा। इसमें 2 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवतियों को टीके लगाए जाएंगे। इस अभियान के तहत आगामी 4 माह प्रत्येक 7 तारीख से विशेष टीकाकरण किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव बीनू गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, शहरी विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों से सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान की तैयारियों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मिशन इंद्रधनुष वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर कार्मिकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



स्वास्थ्य सचिव एवं मिशन निदेशक एनएचएम नवीन जैन ने बताया कि टीकाकरण के इस मिशन में अलवर, बीकानेर, बाड़मेर, धौलपुर, जालौर, जोधपुर, करौली, पाली, प्रतापगढ़, सवाईमाधोपुर, उदयपुर सहित जयपुर प्रथम एवं द्वितीय के शहरी क्षेत्रों को शामिल किया गया है। हैड काउंट सर्वे के साथ ब्लॉकवार जनसंख्या के हिसाब से माइक्रोप्लानिंग में विशेष गंभीरता बरतने के निर्देश दिए।

## प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था की ओर से जयपुर महानगर की द्वितीय बैरवा परिचय निर्देर्शिका प्रकाशन हेतु जनगणना प्रारम्भ



### अब तक 500 परिवारों के फार्म भरे गये

**जयपुर।** प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था की ओर से प्रदेश में समाज की अग्रणी संस्था द्वारा द्वितीय बैरवा परिचय निर्देशिका महानगर जयपुर की महत्वपूर्ण निर्देशिका हेतु जयपुर के प्रत्येक वार्ड की जनगणना का कार्य पिछले माह से प्रारम्भ किया जा चुका है। जिसमें जयपुर के सभी वार्डों के प्रत्येक परिवार का विवरण प्रकाशित किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष महेश धावनिया ने जयपुर के सभी बैरवा बन्धुओं से अनुरोध किया है कि इस पुनित कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जिससे जल्दी से जल्दी इस निर्देशिका का प्रकाशन किया जा सके। इससे पूर्व में भी प्रान्तीय बैरवा युवा संस्था के पद पर रहते हुए समाज के सहयोग से वर्ष 2005 में 500 पृष्ठों की प्रथम बैरवा परिचय निर्देशिका का प्रकाशन किया जा चुका है। जिसका विमोचन तत्कालीन राज्यमंत्री श्री बाबूलाल वर्मा (वर्तमान में राजस्थान सरकार में केबिनेट मेंत्री), पूर्व सांसद श्री द्वारका प्रसाद बैरवा, पूर्व न्यायाधीस श्री आर.के. आकोदिया, श्री आर.के. वर्मा वर्तमान सांसद राज्य सभा, पूर्व विधायक लादूराम सुलानिया द्वारा जयपुर के पिंकसिटी प्रेस क्लब में दिनांक 24 जुलाई, 2005 में किया गया।




पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर में दिनांक 24 जुलाई, 2005 को प्रथम बैरवा परिचय निर्देशिका का विमोचन करते राज्य मंत्री श्री बाबू लाल वर्मा, श्री द्वारका प्रसाद बैरवा पूर्व सांसद, श्री आर.के. आकोदिया पूर्व न्यायाधीस, श्री आर.के. वर्मा, श्री लादूराम सुलानिया एवं प्रधान संपादक महेश धावनिया।

**इस निर्देशिका में जयपुर के प्रत्येक परिवार के विवरण के अलावा निम्न महत्वपूर्ण जानकारियां संकलित की जायेगी-** 1. सम्पूर्ण देश में समाज के प्रमुख व्यक्तियों का सहचित्र परिचय प्रकाशित किया जायेगा। 2. बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर का सम्पूर्ण जीवन परिचय। 3. समाज के प्रसिद्ध संतों व समाजसेवियों का परिचय। 4. समाज में प्रचलित गौत्रों और (मूल गौत्र एवं परिवर्तित गौत्रों) की सूची। 5. आजादी के बाद से अब तक चुने गये जनप्रतिनिधि एवं मंत्री, जिला प्रमुख आदि का सूची। 6. बैरवा शब्द की उत्पत्ति, बैरवा समाज का पुराणों से अब तक का इतिहास। ( शेष पृष्ठ 2 पर )

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 31 अक्टूबर को

**जयपुर।** प्रगति सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से दिनांक 31 अक्टूबर, 2017 को जयपुर में तृतीय सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष हेतराम बैरवा ने बताया कि इच्छुक युवक-युवतियों के अभिभावक अपना पंजीयन हेतु मो. 8094577888 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## मोहन चन्द कुण्डारा अध्यक्ष व चन्द्रपाल महासचिव पद पर निर्विरोध चुने गये



**दिल्ली।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा दिल्ली के चुनाव में श्री मोहनचन्द कुण्डारा अध्यक्ष एवं श्री चन्द्रपाल बैरवा महासचिव पद पर निर्विरोध चुने गये।

## नागरवाल फागी अध्यक्ष व प्रहलाद जाटवा सांगानेर तहसील अध्यक्ष नियुक्त



**जयपुर।** अखिल भारतीय प्रगतिशील बैरवा महासभा जयपुर जिला के अध्यक्ष श्री कृष्णकान्त टाटीवाल ने संविधान के प्रावधानों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री बालचन्द नागरवाल रेनवाल को फागी तहसील अध्यक्ष एवं श्री प्रहलाद जाटवा मुहाना को सांगानेर तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

## आर.एस. देव महासचिव नियुक्त



**जयुपर।** जयपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने श्री आर.एस. देव को जयपुर कमेटी में महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है।

## प्रदेश में दलितों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी

**जयपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी एल खाबरी ने कहा है कि आने वाले समय में प्रदेश में एक दलित सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन जयपुर में होगा, लेकिन तारीख का एलान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी से समय तय होने के बाद होगा। जयपुर के नरेना में मेघवंशी समाज के सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए पूर्व सांसद खाबरी ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि देश में दलितों, किसानों एवं अल्पसंख्यकों की स्थिति दयनीय है। प्रदेश में जगह-जगह ऐसे लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं। इस दौरान प्रशांत बैरवा, राजेंद्र बैरवा, ओम प्रकाश जेदिया, दिनेश राय भाटी, डा. प्रहलाद रघू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## बैरवा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन फरवरी में



**रेनवाल माजी।** बैरवा सामूहिक विवाह समारोह समिति ग्रामीण के द्वारा दिनांक 17 फरवरी, 2017 को रेनवाल जिला जयपुर में बैरवा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समिति के महामंत्री कैलाश नागरवाल ने बताया कि इच्छुक युवक-युवतियों के अभिभावक अपना पंजीयन समिति कार्यालय रेनवाल माजी में करवा सकते हैं। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए मो. 7062729777 पर प्राप्त कर सकते हैं।

## मिमरोट सेवानिवृत

**जयपुर।** श्री मनोज कुमार मिमरोट ओ.ए. जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग जयपुर के पद से 40 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरान्त राज्य सेवा से सेवानिर्वत हुऐ। इस अवसर पर विभाग की और से श्री मिमरोट का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया साथ ही निवास स्थान बजाज नगर, जयपुर में श्री मनोज कुमार मिमरोट का परिवारजन, समाज एवं मित्रगणों द्वारा माला एवं साफा बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया साथ ही आये हुए सभी मेहमानों ने भोजन प्रसादी के साथ ही रात्रि सत्संग का भी आनन्द लिया।



## प्रगतिशील बैरवा महासभा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 29 अक्टूबर को रेनवाल में

**रेनवाल माजी।** अखिल भारतीय प्रगतिशील बैरवा महासभा जिला शाखा जयपुर के तत्वावधान में दिनांक 29 अक्टूबर, 2017 को प्रातः 11.00 बजे से यज्ञ स्थल बैरवा धर्मशाला रेनवाल माजी, तहसील फागी, जिला जयपुर में प्रतिभा एवं विशिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। महासभा के जिलाध्यक्ष कृष्णकान्त टाटीवाल एवं महामंत्री नरसी कुमार बैरवा ने संयुक्त रूप से बताया है कि वर्ष 2016 व 2017 में कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत, 12वीं व स्नातक परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं 2017 में राजकीय सेवा में परीक्षा चयनित युवक-युवतियों एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवियों का भी महासभा द्वारा सम्मानित किया जायेगा। अन्य जानकारी के लिए मो. 9713332264 पर सम्पर्क कर सकते हैं।


## समाचार विज्ञापन संकलन

श्री बाबा समाचार पत्र की प्रकाशन तिथि प्रत्येक माह की 5 तारीख है। अतः समाचार एवं विज्ञापन आदि के प्रकाशन के लिए विज्ञप्ति, फोटो आदि सामग्री माह की 20 तारीख तक पूर्ण विवरण के साथ भिजवा दें। सम्पर्क करें:

श्री बाबा whatsapp 7073909291

सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15

मो.-9928260244 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com

# सम्पादकीय

## पूजन ही नहीं स्वच्छता व प्रकाश का पर्व भी है दीपावली

दिवाली या दीपावली हिंदुस्तान में मनाया जाने वाला एक प्राचीन पर्व है जो कि हर साल कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है, इसके पीछे पौराणिक मान्यता है कि दीपावली के दिन हिंदुओं के आराध्य अयोध्या के राजा श्री रामचंद्र अपने चैदह वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापस लौटे थे। इससे पूरा अयोध्या अपने राजा के आगमन से हर्षित और उल्लासित था। अयोध्या के लोगों ने इसी खुशी में श्री राम के स्वागत में घी के दीप जलाए। कार्तिक मास की काली अमावस्या की वह रात्रि दीयों के उजाले से जगमगा उठी।



मान्यता है कि तब से आज तक भारतीय प्रति वर्ष यह प्रकाश-पर्व दिवाली के रूप में हर्ष व उल्लास से मनाते हैं। दीपावली का प्रकाश बुराई पर अच्छाई की जीत और भगवान श्री राम के जीवन में मौजूद महान आदर्शों और नैतिकता में हमारे विश्वास का प्रतीक है।

दीपावली स्वच्छता व प्रकाश का पर्व है। लोग कई दिनों पहले से ही दीपावली की तैयारियाँ आरंभ कर देते हैं, और सब अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि की सफाई का कार्य आरंभ कर देते हैं। दिवाली के आते ही घरों में मरम्मत, रंग-रोगन, सफेदी आदि का कार्य होने लगता है। लोग अपने घरों और दुकानों को साफ सुथरा कर सजाते हैं। इसके पीछे मान्यता है कि लक्ष्मी जी उसी घर में आती है यहाँ साफ-सफाई और स्वच्छता होती है। पुराणों में बताया गया है कि दीपावली के दिन ही लक्ष्मी ने अपने पति के रूप में भगवान विष्णु को चुना और फिर उनसे विवाह किया। इसलिए घर-घर में दीपावली कि रात को लक्ष्मी जी का पूजन होता है। दिवाली के दिन लक्ष्मी जी के साथ-साथ भक्त की हर बाधा को हरने वाले गणेश जी, ज्ञान की देवी सरस्वती माँ, और धन के प्रबंधक कुबेर की भी पूजा होती है।

बेशक देश में स्वच्छता, साफ-सफाई का प्रतीक दीवाली पर्व मनाया जाता हो लेकिन आज भी स्वच्छता देश की सबसे बड़ी जरूरत है। हमारी सरकार की पुरजोर कोशिशों के बाद भी भारत में स्वच्छता अभियान सिर्फ सरकारी कार्यक्रम बनके रह गए हैं। हजारों संस्थाएं सिर्फ फोटोग्राफ्स के लिए अभियान चलाती हैं और वाहवाही लूटती हैं। लेकिन स्वच्छता के प्रति उनका योगदान फोटो कराने के अलावा तनिक भर भी नहीं हैं। मगर भारत में सरकार के साथ-साथ कई ऐसी संस्थाएं भी हैं जो वास्तविक स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। दिवाली के दिन देश में पटाखों के जरिए बहुत वायु प्रदूषण होगा। जिस जगह स्वच्छता, साफ-सफाई और प्रदूषण कम होगा वहीं लक्ष्मी जी का वास होगा। अगर लक्ष्मी जी का वास होगा तो सबके जीवन में वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, स्वास्थ्य, प्रसिद्धि और समृद्धि आयेगी।

## सदस्यता शुल्क

वार्षिक सदस्यता
100 रुपए
विशिष्ट द्विवार्षिक सदस्यता
500 रुपए
साथ में पाएं दो वैवाहिक एवं एक क्लासीफाइड डिस्प्ले विज्ञापन बिल्कुल मुफ्त
आजीवन सदस्यता
2100 रुपए
संरक्षक सदस्यता
5100 रुपए

# वैवाहिक

## वर चाहिए

* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-टाटीवाल, बड़गोती, जारवाल, सामने महेर न हो।
* जयपुर निवासी, 24 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.एड., पिता-निजी कार्य, गौत्र-नागरवाल, चरावण्डिया, जीनवाल, गोमलाडू।
* जयपुर निवासी, 33 वर्ष, शिक्षा-बी.एच.एम.एस., वर्तमान में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-जोनवाल, मीमरोट, जारवाल, सामने नगवाड़ी हो।
* दौसा निवासी, 18 वर्ष, शिक्षा-11वीं, पिता-निजी कार्य, गौत्र-शक्करवाल, चन्दवाड़ी, नंगवाड़ी, धावणिया, सामने बंशीवाल व देवतवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, पिता-एन.बी.सी. में कार्य, गौत्र-गोमलाडू, बुहाड़िया, बेथाड़िया, सामने कुवाल न हो, मो. 7737809997
* जयपुर निवासी, 20 वर्ष, शिक्षा-बी.ए. द्वितीय वर्ष, गौत्र-मरमट, राजलवाल, नागरवाल, बेथाड़िया, सामने जारवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 19 वर्ष, शिक्षा-बी.ए. द्वितीय वर्ष, गौत्र-मरमट, राजलवाल, नागरवाल, बेथाड़िया, सामने जारवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-बी.बी.ए., पीजीडीसीए, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-भुराहाड़िया, गौनावत, सिरोहिया, मो.-7597493946।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एम.कॉम., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-गोठवाल, सिसोदिया, जाटवा, लोडतीया।
* जयपुर निवासी, 24 वर्ष, शिक्षा-एम.ए.सी., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-गोठवाल, सिसोदिया, जाटवा, लोडतीया।
* उदयपुर निवासी, 30 वर्ष, (तलाकसुदा), शिक्षा-एम.सी.ए. पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-टटवाड़िया, सिसोदिया, मरमट।
* अजमेर निवासी, 29 वर्ष, शिक्षा-बी.ए.सी., बी.एड., एम.ए., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-धवन, मेहरोलिया, तंवर, मो. 9414915078।

## बैरवा समाज के शेर एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री द्वारका प्रसाद जी बैरवा की पुण्यतिथि पर उनके सम्मान स्वरूप चंद लाइने...



### कविता

द्वारका जी हमारे प्राणो से प्यारे,
छोड़ गये हमें किसके सहरारे।
चाँद सितारे टोंक के तारे,
लगते थे हमें प्राणो से प्यारे।
देश के दुलारे बैरवा समाज के प्यारे,
छोड़ गये हमें किसके सहारे।
कांग्रेस के सितारे झिलाय के रहन वारे,
छोड़ गये हमें किसके सहारे।
उर्वशी प्रशांत थे उनके सहारे,
निवाई क्षेत्र मान सम्मान पसारे,
छोड़ गये हमें किसके सहारे।
द्वारका जी हमारे-प्राणो से प्यार,
छोड़ गये हमें किसके सहारे।
टोंक जिला गुणगान करे सारे,
छोड़ गये हमें किसके सहार।
फूल हमारे सम्मान हमारे,
छोड़ गये हमें किसके सहारे।
समाज सितारे वरदान हमारे,
छोड़ गये हमें किसके सहारे।
द्वारका जी हमारे प्राणों से प्यारे,
छोड़ गये हमें किसके सहारे।
आशालता घर बार पसारे,
रामजस स्कूल सम्मान उचारे।
द्वारका जी हमारे प्राणों से प्यारे,
छोड़ गये हमें किसके सहारे।

- मुकेश कुमार बैरवा
मान्दोलाई, त. टोडारायसिंह,
जिला-टोंक ( राज. )

## वधु चाहिए

* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी भारत सरकार, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-सुलानिया, राजलवाल, बीलवाल, सामने बैण्डवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में बैंक में कनिष्ठ लिपिक, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-मेहरा, बेन्दाड़ा, बंशीवाल, सामने लोदवाल व भीमवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 23 वर्ष, शिक्षा-बी.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-मिमरोठ, जारवाल, बंशीवाल, सामने रेसवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-12वीं, वर्तमान में प्राईवेट ड्राईवर, गौत्र-लोदवाल, कुवाल, मुराडिया, सामने बिन्दावड़िया न हो।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में केन्द्रीय राजकीय सेवा, पिता - पिता राजकीय सेवा, गौत्र-लोदवाल, कुण्डारा, बड़ागोती, सामने मिमरोठ न हो।
* करौली निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एम.बी.बी.एस., वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, पिता -निजी कार्य गौत्र-जाटुवा, बमणावत, बंशीवाल, सामने भरतोनियां।
* करौली निवासी, 29 वर्ष, शिक्षा-बी.ए.एस.एस., राजकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-जाटवा, जोरवाल, आकोदिया।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-11वीं, वर्तमान में स्वयं का व्यवसाय, गौत्र-बैण्डवाल, लोदवाल, नंगवाड़ी, मो. 9829599054।
* दिल्ली निवासी, 37 वर्ष, शिक्षा-बी.कॉम, एम.सी.ए., एम.ए.सी. (आई.टी.), वर्तमान में स्वयं का कोचिंग सेन्टर, गौत्र-बंशीवाल, धवन, घुणावत, सामने देवतवाल न हो।
* अलवर निवासी, 43 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.कॉम., वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी, पिता -कृषि कार्य, गौत्र-देवतवाल, सुलानिया, जाटवा, बड़ौदी, सामने कुण्डारा न हो।
* जयपुर निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक., वर्तमान में व्याख्याता सरकारी, पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-डोरिया, देवतवाल, मिमरोठ, सामने सिवत्या एवं बोहरा न हो।
* चित्तौड़ निवासी, 30 वर्ष, शिक्षा-एम.ए.सी., बी.एड., पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-गोमलाडू, भुराड़िया, बंशीवाल, सामने बड़गौती न हो, मो. 9414915078।
* जयपुर निवासी, 28वर्ष, शिक्षा-11वीं वर्तमान में स्वंय का मिष्ठान भण्डार, गौत्र-बैण्डवाल, लोदवाल, नंगवाड़ी।
* जयपुर निवासी, 30 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक., वर्तमान में रेल्वे में ऑफिसर, पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-बंशीवाल, नागरवाल, मेहर।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-जोनवाल, लकवाल, धावनिया।
* जयपुर निवासी, 30 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक., वर्तमान में रेल्वे में ऑफिसर, पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-बंशीवाल, नागरवाल, मेहर।
* जयपुर निवासी, 28वर्ष, शिक्षा-बम.बी.बी.एस., एम.एस. जनरल सर्जरी, वर्तमान में महात्मा गांधी अस्पताल में चिकित्सक, पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-जीनवाल, चौहान, जोनवाल।

**विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क करें**
**मो.: 9928260244**

शिक्षकों को अंबेडकर... ( पृष्ठ 1 का शेष )

**इन्हें मिला डॉ. अंबेडकर गुरुजन गौरव सम्मान**-समारोह में फूलचंद दुलारिया, रतनलाल बैरवा, मदनलाल, मोहनलाल, दयाशंकर, गोविंद सिंह, प्रभु नारायण मौर्य, ओमप्रकाश, मदन मोहन बलाई, मगनलाल महावर, पूरणमल कोली, बोदी लाल, बाबूलाल सबलानिया, बाबूलाल रैगर, मदनलाल, नंदाराम रैगर, जगदीश धवल, रामपाल बुनकर, कालूराम बुनकर, सुभाष चंद महावर, रामनाथ उदेनिया, दिनेश वर्मा, रघुवीर नागर, सावित्री पोरवाल जाटव, रमेश गांधी, महेंद्र राजोरा, मौजीराम वर्मा, बी.एल. किलानिया, जगदीश पोटर, सुशील कुमार, बाबूलाल, जगदीश खोरवाल, सरोज कंसोटिया, गंगाराम भारती एवं छगनलाल जाटव को सम्मानित किया गया।

# "राष्ट्रीय उत्थान में डॉ. अम्बेडकर का योगदान"

गतांक से आगे

मसौदा समिति के सदस्य टी.टी. कृष्णामचारी ने कहा था कि, "सभा को शायद यह मालूम हो, कि चुने गये सात सदस्यों में से एक ने त्यागपत्र दे दिया, दूसरे सदस्य की मृत्यु हो गयी, तीसरे सदस्य अमेरिका चले गये, चौथे सदस्य संस्थानिक कार्यों में उलझे रहे, दो सदस्य स्वास्थ्य खराब रहने के कारण दिल्ली के बाहर थे, वो उपस्थित नहीं हो सकते थे। अन्त में संविधान तैयार करने का सारा भार अकेले डॉ. अम्बेडकर पर ही पड़ा। ऐसी दशा में उन्होंने जिस पद्धति से काम पूरा किया उसके लिए निःसन्देह वे आदर के पात्र हैं। ऐसे संकट के समय उन्होंने रास्ता ढूंढकर ये कार्य पूर्ण किया।



हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे।" काजी सैयद कमरुद्दीन ने डॉ. अम्बेडकर को भावी पीढ़ी के संविधान का महान शिल्पकार बताया। सुप्रसिद्ध राजनेता एस.के. पाटिल ने डॉ. अम्बेडकर के प्रति अपना आदर प्रकट करते हुए कहा था "डॉ. अम्बेडकर के प्रति अपना आदर प्रकट करते हुए कहा था "डॉ. अम्बेडकर एक महान समाजसेवक हैं, वे राष्ट्र निर्माण के शिल्पकार हैं।" महात्मा गांधी से विचार विमर्श और चर्चा के दौरान डॉ. अम्बेडकर ने कहा था "गांधीजी आई हैव नो मदरलैण्ड", मेरे पास मातृभूमि नहीं है। तब गांधीजी ने बहुत गर्व से कहा था "लंदन में आयोजित पहली गोलमेज परिषद का समाचार मुझे मिला है, डॉ. अम्बेडकर "यू आर ए ग्रेट पेट्रियट", आप एक महान देश भक्त हो। डॉ. अम्बेडकर के द्वारा किये गये कार्य मात्र दलितों तक ही सीमित नहीं हैं। भारत के भविष्य को लेकर स्वतंत्रता के प्रति उनकी दृढ़ संकल्प शक्ति उन्हें एक महान राष्ट्रवादी नेता व देशभक्त के रूप में खड़ा करती है।"

( पृष्ठ 1 का शेष )

# द्वितीय बैरवा परिचय निदेर्शिका प्रकाशन हेतु जनगणना प्रारम्भ

7. प्रदेश में अनुसूचित जाति/जनजाति की सूची। 8. समाज के वरिष्ठ वक्ताओं के द्वारा लेख, आलेख, विचार व संदेश। 9. राजस्थान के प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य राजकीय सेवाओं के अधिकारियों की सूची। 10 जयपुर शहर का सम्पूर्ण परिचय प्रकाशित किया जायेगा।



महेशनगर क्षेत्र में श्री चन्द्रलाल मुख्य प्रबन्धक एस.बी.आई. का श्री के.पी. बैरवा द्वारा जनगणना आवेदन फॉर्म भरवाते हुए।

यह निर्देशिका आने वाले समय में समाज के लिए अत्याधिक लाभदायक सिद्ध होगी व पिछली निर्देशिका की तुलना में 4 गुना पृष्ठों की की संख्या अधिक होगी।

इस निर्देशिका का विमोचन वर्ष 2018 में एक भव्य समारोह के रूप में किये जाने की सम्भावना है इस हेतु निम्न प्रारूप में अपने परिवार की जानकारी एवं मोबाईल शामिल करते हुए व्यक्तिसः सी-57 महेश नगर, जयपुर या इसी पते पर डाक से भी भेज सकते हैं। वैसे तो जनगणना हेतु संस्था द्वारा जयपुर की प्रत्यके वार्ड की कॉलोनियों में कार्यकर्ता नियुक्त किये रहे हैं।

इसके बाद संस्था द्वारा जिलेवाई टीम बनाकर जिलेवार परिचय निर्देशिका प्रकाशन हेतु कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

रजि. नं. 1178/2015-16

## प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था जयपुर (राज.)

प्रधान कार्यालय - सी-57, महेश नगर, जयपुर-302015 ( राज. ) फोन : 9928260244, 9982880351, 7073909291
E-mail : bairwapragatisanstha@gmail.com

बैरवा परिचय निर्देशिका जयपुर महानगर में प्रकाशन हेतु

**पारिवारिक परिचय आवेदन पत्र**

क्रमांक ... दिनांक..............................

नाम ( परिवार के मुखिया ) .................................... पिता का नाम ....................................

वर्तमान पता ....................................................................................................

.................................... वार्ड नं. .................... विधानसभा क्षेत्र ....................................

फोन/मो. ....................................(Whatsapp No.).................................... ई-मेल....................................

गाँव का पता ....................................................................................................

....................................................................................................

शिक्षा .................................... आयु.................... व्यवसाय ....................................

पद .................................... विभाग ....................................

गौत्र - स्वयं .................... माँ .................... पत्नि .................... दादी ....................

अन्य ....................................................................................................

**पारिवारिक विवरण ( विवाहित पुत्रियों के अलावा )**

| क्र.सं. | नाम | जन्म/आयु | मुखिया से सम्बन्ध | शैक्षणिक योग्यता | व्यवसाय पद व विभाग | वैवाहिक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |
| 5. | | | | | | |
| 6. | | | | | | |
| 7. | | | | | | |
| 8. | | | | | | |
| 9. | | | | | | |
| 10. | | | | | | |
| 11. | | | | | | |

हस्ताक्षर मुखिया

# 24 सितम्बर को धिक्कार दिवस मनाया

अलवर। 24.09.2017 को अम्बेडकर सर्किल, अलवर में पूना पैक्ट दिवस के अवसर पर आयोजित धिक्कार दिवस कार्यक्रम में श्री बी एल बैरवा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्प्लाइज एसोसिएशन ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर श्री बैरवा ने कहा कि ब्रिटिश सरकार के द्वारा घोषित कम्युनल अवार्ड के अंतर्गत दलित वर्ग को दोहरे मत का अधिकार मिला। जिसमें एक वोट से अपना प्रतिनिधि चुनने व दूसरे मत से सामान्य वर्ग का प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिला लेकिन गांधीजी इसके खिलाफ यरवदा जेल में अनशन पर बैठ गये। जिसके परिणामस्वरूप गांधीजी व बाबा साहेब डॉ. बी आर अम्बेडकर के बीच पूना पैक्ट हुआ ओर दलितों की सीटों को दोगुना कर दिया तथा सरकारी सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया। लेकिन अब हमारे सांसद व विधायक लोकसभा व विधानसभा में अपने समाज की बात नहीं उठाते हैं बल्कि अपनी पार्टी के पिट्ठू बनकर रह गए हैं, जिसकी बाबा साहेब को पहले से ही आशंका थी। पदोन्नत्ति में आरक्षण छिन रहा है, निजीकरण हो रहा है, अत्याचार अन्याय हो रहे हैं ओर कोई सांसद विधायक नहीं बोल रहा है तो इनका क्या उपयोग है। अत: अब हमें अपना दोहरा मताधिकार मिलना चाहिये जो कम्युनल अवार्ड में मिला था। श्री बैरवा ने कहा कि पूना पैक्ट में पर्याप्त प्रतिनिधित्व की बात हुई लेकिन वो अभी तक पूरा नही हुआ है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जाति की आबादी 17 प्रतिशत है लेकिन केंद्र में आरक्षण मात्र 15 प्रतिशत है तथा राजस्थान में 18 प्रतिशत है लेकिन आरक्षण मात्र 16 प्रतिशत है इसी तरह अनुसूचित जनजाति आबादी केंद्र में 9 प्रतिशत है तथा आरक्षण मात्र 7.5 प्रतिशत है तथा राजस्थान में 14 प्रतिशत है लेकिन आरक्षण मात्र 12 प्रतिशत है। अभी यह बढ़ाया नही गया है। निजी क्षेत्र, न्यायपालिका, उच्च सेवाओं व एक्स कैडर पदों में आरक्षण नहीं है और इसे समाप्त करने की बात की जाती है। जो सीधा सीधा पूना पैक्ट का उल्लंघन हैं अत: हमें अपनी आबादी के अनुसार सभी जगह आरक्षण चाहिए।

श्री बैरवा ने कहा कि हमने नारा दिया था कि जो दलितों की बात करेगा वो इस देश पर राज करेगा लेकिन अब सिर्फ दलितों की व बाबा साहेब की बाते की जा रही है , उनके आरक्षण को बचाने के लिए काम नही हो रहा है। अत: हमें एकजुट होकर अपनी ताकत का प्रदर्शन करना पड़ेगा।



सांगानेर में धिक्कार दिवस पर रैली निकालते हुए।

## आप सभी को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



श्री हुकमचन्द बैरवा, से.नि. सहायक शासन सचिव, बजाज नगर, जयपुर
श्री हरीश बैरवा, पूर्व पार्षद, 22 गोदाम, जयपुर
श्री सी.एल. जोनवाल, से.नि. मुख्य प्रबन्धक एस.बी.आई., जयपुर
श्री पंकज कुमार, सहायक अनुभाग अधिकारी, शासन सचिवालय, जयपुर



डॉ. अजय कुमार बैरवा, एडिशनल रजिस्ट्रार महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी, जयपुर
श्री बाबूलाल बैरवा, एडवोकेट, दयानन्द नगर, जयपुर
श्री किशोरी लाल वर्मा, मुख्य प्रबन्धक, प्रेमनगर, गुर्जर की थड़ी, जयपुर
श्री ओ.पी. बैरवा, से.नि. बैंक प्रबन्धक एस.बी.आई., करतारपुरा, जयपुर



श्री हरिचरण जगरवाल, मोतीनगर, गुर्जर की थड़ी, जयपुर
श्री राजेश कुमार बैरवा, महेश नगर, जयपुर
श्री राजेन्द्र बैरवा, महेश नगर, जयपुर
श्री चिरंजीलाल बैरवा, लालकोठी योजना, जयपुर


दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं

सरस डेयरी





मोहरपाल बैरवा
मो. 9929526360
कार्यालयः डेयरी बुथ नं. 1451, कठपुतली नगर, भवानीसिंह रोड़, जयपुर-302005



श्री ललित कुमार बैरवा
सुपुत्र श्री मोहन लाल बैरवा का महालेखाकार कार्यालय में सहायक लेखा अधिकारी के पद पर नियुक्ती होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



शुभेच्छुः
श्री मोहन लाल सुलानिया
प्लाट नं. 11-ए, सैनी कॉलोनी-सी, करतारपुरा, जयपुर, मो. 9413444489

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं



मीनाक्षी आर्य
हनी ब्यूटी पार्लर
ब्यूटी पार्लर का कोर्स भी कराया जाता है।
आइब्रो, फेशियल, कटिंग, पार्टी मेकअप
दुल्हन मेकअप व ज्वैलरी बुक कि जाती है।
मो. 9829312301, 9928079098
सी-323-सी., हैल्थ हॉस्पिटल के पीछे, महेश नगर, 80 फीट रोड़, जयपुर



श्री रवि कुमार जारवाल
पुत्र श्रीमती सरला एवं श्री सीताराम जारवाल को (इंजीनियर इले.) के भारत सरकार की नवरत्न कम्पनी (NBCC India Ltd.) में
कनिष्ठ अभियन्ता के पद पर नियुक्त होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं

शुभेच्छुः
श्रीराम प्रताप एवं श्रीमती घीसी देवी (दादा-दादी)
श्री हरिनारायण बैरवा एवं श्रीमती शीला बैरवा (बड़े पापा-मम्मी)
भुपेन जारवाल (भाई), सिमरन (बहिन)
कविता एवं ललित कुमार, निलम एवं मुकेश



श्री हरिनारायण बैरवा
सहायक लेखाधिकारी, (ग्रेड-प्रथम)


## आप सभी को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



श्री लक्ष्मीचन्द बुआ, से.नि. उपसचिव, राज भवन, जयपुर
श्री जगदीश प्रसाद बैरवा, से.नि. बैंक प्रबंधक, एस.बी.आई., जयपुर
श्री किशन लाल बंशीवाल, सहायक लेखाधिकारी, महेश नगर, जयपुर
श्री त्रिलोकचन्द जाटवा, ए.एस.ओ., निरक्षण विभाग, जयपुर
श्री रामप्रसाद बैरवा, प्रशासनिक अधिकारी, जयपुर



श्री राधेश्याम गोठवाल, महामंत्री, प्रगतिशील बैरवा महा., जयपुर
श्री प्रेमचन्द बैरवा, महेश नगर, जयपुर
श्री बद्रीप्रसाद बेरवा, बैंक अधिकारी, पी.एन.बी., जयपुर
श्री प्रहलाद किशन बैरवा, वरिष्ठ लेखा परीक्षक, ए.जी. ऑफिस, जयपुर
श्री राकेश परालिया, सिविल इंजीनियर, ट्रामलाइन्स एन्टरप्राइजेज, जयपुर



श्री ताराचन्द टाटीवाल, ओ.एस., जी.एस.आई., जयपुर
श्री नन्दकिशोर बेरवा, महेश नगर, जयपुर
श्री फूलचन्द गोठवाल, से.नि. वरिष्ठ खजांची, यूको बैंक, जयपुर
श्री रामलाल मेहरा, पटेल नगर, जयपुर
श्री पवन कुमार मधुकर, महेश नगर, जयपुर



श्री चन्द्रलाल, से.नि. मुख्य बैंक प्रबन्धक, महेश नगर, जयपुर
श्री ओमप्रकाश बैरवा, मूर्तिकार, सांगानेर, जयपुर
श्री प्रकाश चन्द चाटवा, मानसिंहपुरा, टोंक रोड़, जयपुर
श्री नारायण बैरवा, ठेकेदार, पटेल नगर, जयपुर
श्री किशोरीलाल बैरवा, महेश नगर, जयपुर



श्री रामनारायण बैरवा, से.नि. कार्यालय अधिक्षक, बजाज नगर, जयपुर
श्री राजकुमार कुवाल, कोषाध्यक्ष, प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था
श्री झूथाराम बैरवा, अध्यक्ष, बाबा रामदेव भण्डारा समिति
श्री मंगलराम रानीवाल, मुहाना, सांगानेर, जयपुर
श्री ओमप्रकाश बैरवा, से.नि. बैंक अधिकारी, करतारपुरा, जयपुर

# वाहन छोड़ ऊंट-घोड़े-बैलगाड़ी पर नेताओं ने नापी सड़कें

**जयपुर।** रोज जो नेता एसी गाड़ियों में चलते हैं। उन्होंने मंगलवार को दो-तीन घंटे पेट्रोल-डीजल वाहन छोड़ घोड़ा-ऊंट और बैल गाड़ी पर मार्च निकाला। कांग्रेस के इस पैदल मार्च में सैकड़ों ऊंट-घोड़ा-तांगे, बैल गाड़ी और साइकिल रिक्शे शामिल हुए। कार्यकर्ता और नेता शरीर पर सब्जियां लटकाए, पेट्रोल डीजल वृद्धि विरोध की तख्तियां लटकाए, बिना इंधन की गाड़ियों पर निकले तो सौ साल पहले का किसी धार्मिक या राजशाही यात्रा का नजारा लगा। यात्रा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतापसिंह खाचरियावास की अगुवाई में निकली। इसमें मास्टर भंवरलाल, मुमताज मसीह, बृजकिशोर शर्मा, अर्चना शर्मा, सुरेश चौधरी, पुष्पेंद्र भारद्वाज, मनोज मुद्गल, अमीन कागजी, संगीता गर्ग आदि ने शिरकत की। रैली के कारण जाम के हालात बने रहे। प्रदेश अध्यक्ष पायलट ने कहा कि बढ़ते दाम से हर कोई आजिज है। कांग्रेस इसका विरोध करेगी।



## सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं


श्री आर.के. वर्मा
सांसद राज्यसभा
नई दिल्ली


श्री. आर.के. आकोदिया
पूर्व न्यायाधीस
जयपुर


श्री हरिनारायण बैरवा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अ.भा.बै. महासभा


श्री प्रशान्त बैरवा
प्रदेश सचिव
कांग्रेस कमेटी, राजस्थान


श्री महेश धावनिया
प्रदेशाध्यक्ष
प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था


श्री एस.के. बैरवा
कार्यकारी अयक्ष
अ.भा. प्रगतिशील बै.महा.


श्री कजोड़मल बैरवा
प्रदेशाध्यक्ष
अ.भा.बै. महासभा, राज.


श्री जगदीश बैरवा
से.नि. अपर पुलिस अधीक्षक
फुलेरा, जयपुर


श्री रामनारायण खन्ना
प्रदेशाध्यक्ष
अ.भा.बै. महा., दिल्ली


श्री शंकर लाल बैरवा
महासचिव
जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी


श्री रामेश्वरलाल बैरवा
समाजसेवी
टैगोर नगर, जयपुर


श्री सीताराम बैरवा
अध्यक्ष
अम्बेडकर विचार मंच राज.


श्रीमती गीता बैरवा
महासचिव
जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी


श्री मांगीलाल बैरवा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था


श्री राजेश कुमार शास्त्री
महामंत्री
प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था

# मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन में उनके उत्पीड़न व भेदभाव

**जयपुर।** अधिकार केन्द्र, जयपुर एक गैर राजनैतिक व अलाभकारी दलित मानवाधिकार संगठन है जो पिछले 17 वर्षो से राजस्थान में



सत्त रूप से कार्यरत है। दलित अधिकार केन्द्र का मुख्य उदद्श्य गरीबों व वंचितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन में उनके उत्पीड़न व भेदभाव की घटनाओं पर कानून सम्मत ढंग से कार्यवाही करना, सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर व वंचित वर्गो के जरूरत मंद लोगों को न्याय प्रक्रिया तक पहुचाने (Access to Justice) में सहयोग करना तथा उनकी आर्थिक व सामाजिक क्षमता को बढाना भी हमारा लक्ष्य है ताकि उन्हें दैनिक जीवन में समानता, सुरक्षा, गरिमा व न्याय मिल पावे और वे समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सके। दलित अधिकार केन्द्र यह सब गतिविधियां पूरे राज्य स्तर पर अपने नेटवर्क में सांझेदार व सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से संचालित की जाती है तथा समय समय पर सरकारी संगठनों के समन्वय के आधार पर भी सहयोग लिया जाता है।

वर्तमान परिदृश्य में जब राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर जाति, धर्म व समुदाय के नाम पर आये दिन हिंसक प्रदर्शन, रैलिया, सभाएं, आंदोलन तथा भारत बंद का आयोजन कर राष्ट्र की सम्पति , जनता का धन व समय का दुरूपयोग कर आम नागरिकों को हर तरह की असुविधा व क्षति पहुचाई जा रही है। हजारों करोड़ रूपये की सरकारी व सार्वजनिक सम्पति का नुकसान किया जाता हैं संवैधानिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों तथा न्यायालय के आदेशों की सरेआम धज्जिया उडा कर उपद्रवी तत्व जाति, धर्म व सम्प्रदाय के नाम पर निर्दोष लोगों को ढाल बना कर हिंसात्मक दंगे करवाते है और इन आंदोलनों के नेता अपनी राजनैतिक लोकप्रियता बढाने के चक्कर में रहते है। जातिय उन्माद व साम्प्रदायिक दंगों में गरीबों, दलितों, मजदूरों व न्याय प्रिय नागरिकों का सबसे ज्याद जन-धन का नुकसान उठाना पडता है। उत्पाती और विध्वंसकारी तत्वों की

1. नागरिकों के मूलभूत कर्तव्यों का प्रचार प्रसार अभियान-चूंकि हम गरीबों, वंचितों व महिलाओं की गरिमा बढाने, उनका आर्थिक व सामाजिक विकास हेतु कार्य कर रहे हैं और आये दिन जातिगत हिंसा, तनाव, धार्मिक उन्माद व साम्प्रदायिक उपद्रवों में इन्हीं वर्गो को ज्यादा नुकसान व असुरक्षा की भावना से जूझना पडता है, अतएव दलित अधिकार केन्द्र ने संविधान के मूल्यों, मूल भावना तथा उसमें प्रदत्त नागरिकों के मूलभूत कर्तव्यों के बारे में जानकारी फैलाने हेतु एक राज्यव्यापी सतत जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के साथ नागरिक संगठनों, सामाजिक व शिक्षण संस्थाओं तथा अन्य जनहित में काम करने वाले संगठनों के माध्यम से यह अभियान चलाया जाएगा।

2. जातिगत हिंसा को रोकने तथा समुदायों में पारस्परिक सदभाव व शांति बनाए रखने हेतु सतत् कार्यक्रम चलाना जातिगत हिंसा के बाद क्षेत्र में तनाव, असुरक्षा व अविष्वास की भावना बढ़ जाती है। दलित अधिकार केन्द्र यद्यपि जातिगत हिंसा से पीडित दलित व महिलाओं की हर संभव मदद कर उन्हें न्याय, राहत व सुरक्षा प्रदान करवाने की दिषा में प्रयासरत हैं। अत: दलित अधिकार केन्द्र ने यह निष्चय किया है कि हिंसक घटनाओं के बाद पीडितों को अविष्वास व असुरक्षा के भय से पलायन को रोका जावे तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था व भाईचारे की भावना पैदा करने हेतु सबल व सषक्त वर्गों व वंचित वर्गों के बीच नियमित रुप से बैठकों ( क्पंसवहनम्‌ पजी कवउपदंदज बेंजमे) का आयोजन किया जावे। यद्यपि यह प्रयास ज्यादा प्रभावी नहीं होगे पर कुछ हद तक दबंग वर्गों की मानसिकता को प्रभावित कर पाएंगे।

3. जातिगत हिंसा की मूलजड ''अस्पृश्यता उन्मूलन'' हेतु सरकार के सहयोग से कार्यक्रम चलाना-संविधान की धारा 17 में छुआछूत को समाप्त कर दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है परन्तु संविधान के लागू होने के 70 साल बाद भी देश में विशेष कर ग्रामीण-क्षेत्रो में छुआछूत व भेद की प्रथाए किसी ने किसी रूप में संस्कृति व सामाजिक परम्पराओं के नाम जारी है इस कारण से दलितों व महिलाओं के मूल भूत मानवीय अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इस हेतु कानून भी बनाये गये है परन्तु उनकी कठोरता से पालना नही की जाती है। अतएवं यह सरकार का दायित्व है कि वह अस्पृश्यता व भेदभाव को समाप्त करने हेतु राज्य में व्यापक कार्यक्रम चलाये। दलित अधिकार केन्द्र इस के लिए केन्द्र व राज्य सरकार को बाध्य करेगा।

-पी.एल.मीमरौठ
**मुख्य कार्यकारी, दलित अधिकार केन्द्र**

# सभी जिलों में खुलेंगे नागरिक सुरक्षा केंद्र

**जयपुर।** आपदा बचाव कार्यों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की महती भूमिका को देखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में नागरिक सुरक्षा केंद्र खोले जाएंगे। आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है जिसके अनुसार केंद्र स्थापित करने एवं वहां अफसर-कर्मचारियों की नियुक्ति पर सालाना 4 करोड़ रु. का अतिरिक्त प्रभार आएगा। गृहमंत्री गुलाब चंद कटारिया की मंजूरी के बाद प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा एवं भरतपुर संभाग मुख्यालय और मल्टी हजार्ड जिले अलवर, बाड़मेर एवं जालोर मुख्यालय पर डिप्टी कंट्रोलर प्रभारी अधिकारी होंगे। वहीं, 23 जिलों में सहायक सहायक नियंत्रक यह जिम्मेदारी संभालेंगे। अफसरों के अलावा इन दफ्तरों के लिए कनिष्ठ एवं वरिष्ठ लिपिक, लेखाकार, ड्राइवर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कार्यालय अधीक्षक सहित करीब 300 कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। इसी तरह संभाग मुख्यालय स्तर पर 24 और जिला मुख्यालय पर 12 स्वयं सेवकों को मानदेय पर रखा जाएगा। करीब पांच सौ युवाओं को इसमें काम मिलेगा। उन्हें प्रतिदिन 325 रुपए मानदेय दिया जाएगा। प्रदेश में यूं तो 18जिलों को नागरिक सुरक्षा जिले और 10 नागरिक सुरक्षा टाउन घोषित किए हुए हैं, लेकिन इनमें सिर्फ 10 जिले और तीन टाउन ही क्रियाशील है। प्रदेश में अतिवृष्टि अथवा अन्य आपदाओं में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की मदद ली जाती रही है। इसी के चलते मुख्यमंत्री ने बजट में सभी जिलों को नागरिक सुरक्षा घोषित करने का एलान किया था। इसी की पालना में विभाग ने यह प्रस्ताव बनाया है। महानिदेशक हेमंत कुमार गेरा ने बताया मुख्यमंत्री की बजट घोषणा की अनुपालना में यह प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जाएगा।



## कविता के माध्यम से पिछले माह बैरवा समाज की गौठ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की व्याख्या करते -कविराज रामलाल बैरवा

महेश जी ने अद्‌भुत खेल रचाया गौठ में आनन्द आया जी

गार्गी गॉडन में मेलो लाग्यो, मानव घणा पधारया
सखी सहेल्या आपस मिलकर प्रेम का गीत सुनावे
सबका दिल भारी अघ्रया जी ( 1 )

बैरवा वंश के नेता पधारया, मंच लगा भारी
प्रशांत बाबू ने शब्द सुणाया, खुशी हुये नर-नारी
उनको सबने दिल में बसाया जी ( 2 )

युवक परिचय सम्मेलन का नया इतिहास रचाया
20 अगस्त, 2017 को गौठ में विमोचन करवाया
यह इतिहास बड़ा मन भाया जी ( 3 )

प्रतिभा सम्मान कराया, सबको गले लगाया
धन्य हो उन मात-पिता को उज्जवल भविष्य बनाया
ज्ञान का भारी मेह बरसाया जी ( 4 )

दाल-बाटी-चुरमा की दावत लागी, भोजन अमृत पाया
श्रद्धा भाव से बिठा आसन पर, प्रेम का नीर पिलाया
आपस में प्रेम का रंग बरसाया जी ( 5 )

हरिहरानन्द जी गुरू हमारे सबको ज्ञान सिखाया
रामलाल कविराज कविता नई बणा कर गाया
सबको वाणी महान सुनाया जी ( 6 )

# दिव्यांग जनों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा का प्रीमियम भरेगी सरकार

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दिव्यांग जनों की बीमा प्रीमियम राशि का भुगतान विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के आदेश पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से किये गये इस प्रावधान से राज्य में 4.10 लाख से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय विशेष योग्यजन शिविर 2017 के शुभारंभ समारोह के अवसर पर इसकी घोषणा की थी।

# शिवचरण बैरवा नवयुवक मण्डल के निर्विरोध अध्यक्ष बने



**जयपुर।** बैरवा बस्ती बड़ा गुवाड़ा रामगंज जयपुर में बैरवा समाज की आम सभा में श्री शिवचरण बैरवा को बैरवा नवयुवक मण्डल बड़ा गुवाड़ा रामगंज जयपुर के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गये।

# राजस्थान कौशल विकास एवं आजीविका मिशन की बैठक सम्पन्न

**जयपुर।** जिले में राजस्थान कौशल विकास एवं आजीविका मिशन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट के सभागार में बैठक हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) श्री मोहम्मद अबूबक्र ने अधिकारियों से कहा है कि मिशन के तहत अधिक से अधिक युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देकर लाभान्वित करे। उन्होंने प्रधानमंत्री सृजन रोजगार योजना, भामाशाह रोजगार योजना के साथ आईटीआई के माध्यम से युवाओं को विभिन्न ट्रेड्स का प्रशिक्षण देकर लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, रजनी के लिए एम.बी. प्रिन्टर्स एफ-76ए, करतारपुरा इण्ड. एरिया मोरानी वर्क्सशॉप के पास जयपुर से मुद्रित एवं सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15 ( राज. ) से प्रकाशित। सम्पादक-भवनेश धावनिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा। मो.-9928260244, 9829271582 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com